थप्पड़ में अमृता प्रीतम की भूमिका में होंगी तापसी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अनुभव सिन्हा और तापसी पन्नू एक बार फिर पर्दे पर अपना जादू साथ दिखाने को तैयार नजर आ रहे हैं और इस बार यह जोड़ी साथ काम करने जा रही है फिल्म थप्पड़ में। पिछले दिनों इस फिल्म की जानकारी अनुभव सिन्हा ने सोशल मीडिया के जरिए दी थी और बताया था कि उनकी फिल्म अगले साल 6 मार्च को रिलीज़ हो रही है। अब तापसी ने एक तस्वीर पोस्ट कर इशारा किया है कि वह अमृता प्रीतम की भूमिका में नजर आनेवाली हैं।

तापसी ने इंस्टाग्राम पर अपनी यह तस्वीर पोस्ट की है और अपने इस पोस्ट के जरिए उन्होंने कहा है कि वह फेमस लेखिका, नॉवल राइटर और कवियित्री अमृता प्रीतम की भूमिका निभाने जा रही हैं, जो पंजाबी भाषा की सबसे पहली और प्रिय कवयित्री, नॉवल राइटर थीं।

तापसी ने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, जब कोई व्यक्ति किसी महिला की ताकत को मानने से इनकार कर दे तो इसका मतलब है कि वह खुद के अवचेतन मन को मानने से इनकार कर रहा है- अमृता प्रीतम, एक अमृता से दूसरी अमृता की ओर बढ़ती हुई... मैं तेनु फिर मिलांगी थिअटर में 6 मार्च 2020 से। इस तस्वीर में तापसी अमृता प्रीतम के किरदार में नजर आ रही हैं। बेबी पिंक पंजाबी सूट में तापसी एपने काम में मग्न हैं और इस नए अवतार में वह काफी प्रॉमिसिंग दिख रही हैं। थप्पड़ चूंकि महिला बेस्ड फिल्म है, इसलिए मेकर्स ने इस फिल्म को अगले साल वुमन्स डे पर रिलीज़ करने का निर्णय लिया है।

स्कूल में लोग डांस को लेकर उड़ाते थे मजाक: नोरा फतेही

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही का कहना है कि स्कूल में लोग उनका मजाक उड़ाते थे और कहते थे कि उन्हें डांस नहीं आता है।

नोरा फतेही डांस के मामले में हर निर्माता की पहली पसंद बन गयी हैं। वह हमेशा से ही एक शानदार डांसर रही है। नोरा फतेही हाल ही में विक्की कौशल के साथ पछताओगे नामक डांसिंग वीडियो में नजर आई हैं। उन्होंने कहा , यदि आपने मुझसे 10-15 साल पहले यह पूछा होता कि क्या मैं कभी गाने पर डांस करने वाली लड़की बनूंगी या मेरे डांस मूव्स के लिए दर्शक पागल होंगे, तो शायद मुझे हंसी आ जाती। एक समय था जब स्कूल में मेरे डांस पर और मुझ पर लोग हंसते थे और कहते थे कि मुझे नहीं पता कि डांस कैसे करना है।

नोरा कनाडा में पैदा हुई और पली बढ़ी है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा कूल ग्रुप में जाने की कोशिश करती थी, स्कूल की शानदार डांसर लड़कियों से दोस्ती करना चाहती थीं। मैं उनकी नकल करती थीं लेकिन उन्होंने हमेशा मुझे नकार दिया। मुझे बताया गया कि मेरा डांस उनके लेवल का नहीं था।

यह एक सम्मान है और मुझे एक अच्छा डांसर माना जाता है। फिल्म निर्माता मुझ पर एक न्यू कमर के तौर पर भरोसा करते हैं और जबकि मैं इस इंडस्ट्री से भी नहीं हूं। मेरे लिए यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे इस तरह की जिम्मेदारी दी जाएगी।

स्लमडॉग मिलियनेयर के लिए शॉर्टलिस्ट हुई थीं नुसरत भरूचा?

बॉलिवुड ऐक्ट्रेसनुसरत भरूचा के पास इस समय कई सारी बॉलिवुड फिल्में हैं। नुसरत ने प्यार का पंचनामा और सोनू के टीटू की स्वीटी जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकी हैं। अब नुसरत की फिल्म ड्रीम गर्ल रिलीज के लिए तैयार है जिसमें वह आयुष्मान खुराना के साथ दिखाई देंगी। लेकिन बहुत कम लोगों को ही पता है कि नुसरत को हॉलिवुड की ऑस्कर जीतने वाली फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर के लिए भी शॉर्ट लिस्ट किया गया था। स्लमडॉग मिलियनेयर के डायरेक्टर डैनी बॉयल ने नुसरत को शॉर्ट लिस्ट किया था और नुसरत ने फिल्म में लतिका के कैरक्टर के लिए ऑडिशंस भी दिए थे। हालांकि बाद में यह रोल फ्रीडा पिंटो को मिल गया। हालांकि यह नहीं पता चला है कि यह रोल नुसरत को क्यों नहीं मिला लेकिन ऐसा माना जाता है कि उनके जरूरत से ज्यादा गुड लुक्स इस किरदार के लिए ठीक नहीं थे। मीडिया से बात करते हुए नुसरत ने बताया था कि फिल्म के मेकर्स को ऐसा लगा कि उनके गुड लुक्स और खूबसूरती एक स्लम में रहने वाली लड़की जैसे नहीं थे। नुसरत ने यह भी बताया कि जब यह रोल उन्हें नहीं दिया गया तो फिल्म की पूरी टीम ने बैठकर उन्हें समझाया था कि वह बिल्कुल भी बस्ती में रहने वाली गरीब लड़कियों जैसी नहीं लगती हैं।